एक नजर में

संत शिरोमणि रविदास के जीवन पर आधारित कथा आज से

ग्वालियर 6 मई. पुरूषार्थ सेवा फाउडेंशन ग्वालियर के तत्वावधान में संत शिरोमणि रविदास महाराज के आध्यात्मिक जीवन पर आधारित 7 दिवसीय संगीतमय कथा का भूमिपूजन जडेरूआ वाले महाराज संत डोंगरसिंह महाराज, संत लखनदास महाराज, कबीर आश्रम के अध्यक्ष डॉ. विजय मंडेलिया एवं श्रीमती रीनू मंडेलिया ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य यशवंत इंदापुरकर, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेन्द्र मिश्रा, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, डॉ. नीतेश शर्मा, राजेश दुबे, पुरूषार्थ सेवा फाउडेंशन ग्वालियर के सचिव मनीष सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे। कथा का आयोजन कल 7 मई से संत कबीर आश्रम, थाटीपुर, मुरार में होगा। पूर्वान्ह 11 बजे भव्य कलश यात्रा संत रविदास आश्रम मुरार से निकलेगी जिसमें 1000 महिलाएं शामिल होंगी। यह कलश यात्रा संत रविदास आश्रम से प्रारंभ होकर संत कबीर आश्रम पहुंचेगी। इसके उपरांत कथा वाचक हरिद्वार के संत श्री सागर आनंद महाराज की कथा होगी। दूसरे दिन 8 मई से कथा का समय दोपहर 2.30 बजे से सायं 6 बजे तक रहेगा। कथा की पूर्णाहुति एवं भंडारा 13 मई बुधवार को होगा। पुरूषार्थ सेवा फाउडेंशन ग्वालियर ने धर्मप्रेमी समाज से कथा में शामिल होने का आग्रह किया है।

वार्ड 17 के पार्षद ने लगाए गंभीर आरोप

नितिन

गोविन्द

ग्वालियर 6 मई. वार्ड 17 के पार्षद किरण धर्मेंद्र वर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान के बीच ग्वालियर में एक ऐसा मामला सामने आया है जो मिलीभगत की पोल खोल रहा है। वार्ड 16 के सफाई कर्मचारियों ने क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 5 के एक अधिकारी पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ कर्मचारी सुबह आकर मोबाइल के माध्यम से अपनी हाजिरी लगाते हैं और वापस अपने घर चले जाते हैं। जो कर्मचारी ईमानदारी से अपना काम करते हैं, उन्हें लगातार परेशान किया जाता है।?क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 5, वार्ड नंबर 16 में कार्यरत सफाई कर्मचारियों नितिन और गोविंद ने डब्ल्यूएचओ आकाश करोसिया पर आरोप लगाया कि अधिकारी द्वारा उनसे और उनके भाई से लगातार पैसों की मांग की जाती है और प्रताड़ित किया जाता है। उन्हें जातिगत गालियां दी जाती हैं और अपमानित किया जाता है। अब देखना यह होगा कि अधिकारी इस मामले की निष्पक्ष जांच कर इन पीड़ित कर्मचारियों को न्याय दिलाते हैं या नहीं।

निगम बेड़े में शामिल हुए 24 नये टिपर वाहन

ग्वालियर 6 मई. नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के उद्देश्य से 24 नवीन टिपर वाहन खरीदे गए हैं। जिससे अब निगम में टिपर वाहनों की संख्या 264 हो गई है। जिनका पूजन महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव, उपायुक्त श्री मुकेश बंसल, नोडल अधिकारी कार्यशाला श्री पुष्पेंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। 1000 बिस्तर अस्पताल में आयोजित स्वच्छता संवाद कार्यक्रम के दौरान नगर निगम ग्वालियर द्वारा क्रय किए गए 24 नवीन टिपर वाहन का पूजन किया गया। इस अवसर पर महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने कहा कि नवीन वाहन आने से शहर में डोर टू डोर कचरा संग्रहण की व्यवस्था और अधिक सुदृण होगी तथा अब ज्यादा से ज्यादा घरों से कचरा एकत्रित किया जा सकेगा। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव ने बताया कि नवीन क्रय किए गए वाहनों में 15 वाहन सीएनजी वाहन हैं जो कि स्वच्छ भारत मिशन के मद से क्रय किए गए हैं तथा 9 ईव्ही टिपर वाहन क्रय किए गए हैं।

आर जे एन अपोलो हॉस्पिटल में पेट कैंसर रोग ओपीडी 9 को

शहरवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराते हुए इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स, नई दिल्ली के वरिष्ठ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एवं कैंसर सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. दिनेश सिंघल अब नियमित रूप से ग्वालियर में परामर्श देंगे। डॉ. दिनेश सिंघल जी.आई., एच.पी.बी.एवं रोबोटिक सर्जरी के वरिष्ठ कंसल्टेंट हैं और पेट, आंत, लिवर, ग्रासनली, पैंक्रियास, गॉलब्लैडर,बाइल डक्ट तथा कोलन एवं रेक्टम से संबंधित कैंसर एवं अन्य जटिल रोगों के विशेषज्ञ हैं। वे कैंसर एवं नॉन-कैंसर दोनों प्रकार की बीमारियों का आधुनिक रोबोटिक एवं दूरबीन सर्जरी द्वारा उपचार करते हैं। इस ओपीडी का आयोजन शनिवार, 09 मई को सुबह 11:00 बजे से 2:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

आंगनवाड़ी केंद्रों में मिली खामियां

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 6 मई. जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती उपासना राय ने कई आगनवाडी केंद्रों का

मेन्यू अनुसार खाना, नाश्ता नही देना पाया गया

निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई खामियां मिली। इसके चलते स्वसहायता समूहों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

आगनवाडी केन्द्र नाका चन्द्रवदनी क्रमांक 02 वार्ड 57 का निरीक्षण किया गया जिसमें राधिका स्वसहायता समूह के द्वारा मीनू अनुसार खाना, नाश्ता नही दिया गया था। नाश्ते में मीठी लप्सी दी गई जो कि बहुत पतली एवं जली हुई पाई गई। जबकि मीनू में खाने में सब्जी, दाल, रोटी दी

जानी थी। आगनवाडी केन्द्र खूबी की बजरिया, वार्ड 57 एवं नाका चन्द्रवदनी क्रमांक 1, वार्ड 56 पर राधिका स्वसहायता समूह द्वारा खाना, नाश्ता नही दिया गया है। आंगनबाड़ी केन्द्र नया पायगा, वार्ड 52 के केन्द्र का निरीक्षण किया गया जिसमें लाडली स्व सहायता समूह द्वारा खाना, नाश्ता वितरण किया जाता है। यहां भी स्वसहायता समूह द्वारा मीनू अनुसार उक्त केन्द्र पर खाना, नाश्ता नही देना पाया गया। आगनवाडी केन्द्र बंजार शाह नाला 1, वार्ड 49 के केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया जिसमें रामजी स्व सहायता समूह के द्वारा मीनू अनुसार केन्द्र पर खाना, नाश्ता नही देना पाया गया। इन सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस आज हाईवे करेगी जाम

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 6 मई. किसानों के साथ छल कपट एवं गेहूं की एमएसपी का पूरा भुगतान नहीं मिलने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कल 7 मई को नेशनल हाईवे पर हजारों कार्यकर्ताओं एवं किसानों के साथ चक्काजाम करेगी। उक्त जानकारी ग्वालियर ग्रामीण कांग्रेस के प्रभारी घनश्याम सिंह ने कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के साथ छल कपट किया जा रहा है जिसको कांग्रेस पार्टी कभी सहन नहीं करेगी। कांग्रेस सदैव किसानों के हित में है एवं उनके साथ है। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे क्रमांक 44 पर स्थित निरावली चौराहे पर किसानों को साथ लेकर जिला कांग्रेस चक्काजाम करेगी। चक्काजाम में राजस्थान के भरतपुर की सांसद संजना जाटव एवं कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों पर अत्याचार कर रही है। कांग्रेस पार्टी यह कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। चक्काजाम करने के बाद जिला प्रशासन को ज्ञापन सोपा जाएगा। पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक प्रवीण पाठक, जिलाध्यक्ष शहर सुरेन्द्र सिंह यादव, ग्रामीण अध्यक्ष प्रभुदयाल जोहरे, वरिष्ठ नेत्री रश्मि पवार शर्मा आदि मौजूद रहे।

अपर आयुक्त ने ली क्लास, बच्चों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 6 मई. अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव ने पार्क का भ्रमण किया, इस दौरान उन्हें पार्क में बच्चे मिले, अपर आयुक्त ने बच्चों के साथ संवाद कर उनसे स्वच्छता से जुडे सवाल किए। बच्चों ने सभी सवालों का ठीक-ठीक उत्तर दिया। वहीं सफाई व्यवस्था को लेकर जलालपुर सीएंडडी वेस्ट प्लांट का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्हें वहां पर व्यवस्थाएं ठीक नहीं मिली, जिसके चलते उन्होंने सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने एवं वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं सुरेश नगर में बने हनुमान पार्क में बच्चों से संवाद कर उनसे कचरा सेग्रीगेशन के बारे में पूछा, बच्चों ने सभी प्रश्नों के ठीक उत्तर दिए।

अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव ने मुरार एक्सीलेंस स्कूल का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्हें वहां पर सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिली, इसके चलते उन्होंने केयरटेकर को बदलने के निर्देश दिए। वहीं मुक्तिधाम मार्ग पर गंदगी मिली जिसे साफ करने के निर्देश दिए गए। वहीं सुरेश नगर में नाले में जाली लगाकर उसकी पुताई करने के निर्देश भी दिए।

निगमायुक्त ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 6 मई. अपर मुख्य सचिव की प्रस्तावित बैठक को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां कल तक पूर्ण कर ली जाऐं। भ्रमण के दौरान कहीं भी कोई लापरवाही न मिले इसको लेकर संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें। उक्ताशय के निर्देश आयुक्त नगर निगम श्री संघ प्रिय ने समय सीमा बैठक में संबंधित अधिकारियों दिए।

निगम मुख्यालय में आयोजित समय सीमा बैठक में अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव, श्री प्रदीप तोमर सहित सभी विभाग अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निगमायुक्त ने कहा कि अपर मुख्य सचिव की बैठक को लेकर अमृत 2.0 के अंतर्गत जल प्रदाय एवं सीवेज, प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 एवं 2.0, स्वच्छ भारत मिशन 2.0, नमामि गंगे परियोजना, स्काडा के साथ ही राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं कायाकल्प, मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास, मुख्यमंत्री

नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना, मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारका नगरी योजना एवं विशेष निधि के कार्य की जानकारी तैयार करें। इसके साथ ही राजस्व आय में वृद्धि एवं आत्मनिर्भर निकाय के लिए किए गए कार्य सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की पीपीटी तैयार करें।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए नोन अटेंड शिकायत को लेकर सहायक यंत्री श्री बीबी चंसोलिया को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ई ऑफिस को लेकर सभी अधिकारियों को निर्देशित किया की ई फाइलिंग के माध्यम से ही पत्र एवं फाइल भेंजे। वहीं स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर समीक्षा करते हुए सभी वार्ड मॉनिटर एवं क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन की चेक लिस्ट के अनुसार निरीक्षण कर जो भी कार्य शेष हैं वह कार्य दो दिवस में पूर्ण करें। स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसके साथ ही सीवर एवं जल प्रदाय व्यवस्था की चर्चा की तथा दूषित जल प्रदाय एवं सीवर की समस्याओं व शिकायतों का तत्काल निराकरण कराने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने कहा कि सीवर में जो नाले मिल रहे हैं, उनमें तत्काल जाली लगवायें। साथ ही अवैध कॉलोनियों को लेकर चर्चा करते हुए सिटी प्लानर को निर्देशित किया कि अवैध कॉलोनियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज करायें।

साथ ही यह भी निर्देश दिए कि सभी भवन अधिकारी अपने क्षेत्र में जीर्ण शीर्ण भवनों को चिन्हांकित कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करें।

आईटीएम में हुआ 'डीजे नाइट' का आयोजन, खूब झूमे छात्र-छात्राएं

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 6 मई. नाद एम्फी थियेटर के मंच पर मध्यम और आकर्षक रोशनी के बीच बॉलीवुड गानों और फास्ट व हाई बीट्स पर थिरकते छात्र-छात्राएं अपने ही अंदाज में मस्ती करते नजर आये। मौका था आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित 'डीजे नाइट' पार्टी का। जहां दिल्ली से आई डीजे आन्वी ने अपनी यूनिक म्यूजिक स्टाइल और शानदार मिक्सिंग के साथ ही म्यूजिक की धमाकेदार परफॉर्मेंस देकर छात्र-छात्राओं के बीच जबरदस्त उत्साह और उर्जा का संचार किया।

यह आयोजन आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के डीन अकेडमिक डॉ. रंजीत सिंह तोमर, डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक सहित

विभिन्न विभागों के डीन, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर की देखरेख के बीच पूरे गरिमामयी माहौल में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

डीजे नाइट का उद्देश्य परीक्षा के माहौल में छात्र-छात्राओं के तनाव को कम करने और एक सकारात्मक व मनोरंजन प्रदान करना था। जहां वे अपनी दिनचर्या से हटकर कुछ समय आनंद के साथ बिता सकें। आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर द्वारा समय-समय पर इस तरह के सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिससे छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो सके।

डीजे आन्वी, जो अपनी यूनिक म्यूजिक स्टाइल और शानदार मिक्सिंग के लिए जानी जाती हैं, ने इस रंगारंग कार्यक्रम में बॉलीवुड और टेक्नोमिक्स बीट्स का बेहतरीन संगम प्रस्तुत किया। उन्होंने म्यूजिक सेशन के दौरान आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक धुनों के साथ लोकप्रिय बॉलीवुड गानों का ऐसा मिश्रण प्रस्तुत किया जिससे उपस्थित सभी छात्र-छात्राएं झूमने को मजबूर हो गए।

देर रात तक चले इस कार्यक्रम के दौरान डीजे आन्वी ने भोजपुरी, हिंदी, दिल्ली स्टाइल, हरियाणवी, तेलुगु, अंग्रेजी सहित विभिन्न भाषायी गानों के मिक्स पर परफॉर्म किया। इस विविधता भरे म्यूजिक ने डीजे नाइट पार्टी को और भी खास बना दिया। हर गाने के साथ छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ता गया और पूरा माहौल एक बड़े म्यूजिक फेस्टिवल जैसा नजर आने लगा। छात्र-छात्राओं ने भी डीजे नाइट पार्टी का भरपूर आनंद उठाया। कई छात्र-छात्राओं ने कहा कि इस तरह के आयोजन उन्हें पढ़ाई के तनाव से राहत देते हैं और कैंपस लाइफको और भी यादगार बनाते हैं।

जनगणना कार्य में लापरवाही पड़ी भारी, निलंबित

ग्वालियर 6 मई. जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने पर उपयंत्री श्री उत्पल सिंह भदौरिया को नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने निलंबित कर दिया है। उपयंत्री श्री उत्पल सिंह भदौरिया के स्थान पर क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 22 का दायित्व उपयंत्री श्री अभिषेक ठाकुर को सौंपा गया है। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने 5 मई को जनगणना कार्य को लेकर बैठक ली थी, बैठक में पाया गया कि उपयंत्री उत्पल सिंह भदौरिया के क्षेत्रान्तर्गत 107 में से 70 में जनगणना का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। इसके साथ ही बैठक में उपायुक्त जनगणना ने बताया कि श्री उत्पल सिंह भदौरिया जनगणना का कार्य संपादित करने की जगह अपना अधिक समय बालभवन में बिताते हैं। 6 मई को जनगणना निदेशालय की प्रतिनिधि श्रीमती प्रेमा नायर ने क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 22 का निरीक्षण किया था, इस दौरान उपयंत्री श्री उत्पल सिंह भदौरिया उपस्थित नहीं थे। वहीं क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक के क्षेत्राधिकारी श्री अनिल श्रीवास्तव के 15 दिवसीय मेडिकल अवकाश पर जाने के चलते उनका दायित्व उपयंत्री रविंद्र प्रताप सिंह गुर्जर को सौंपा गया है। साथ ही सुश्री हिना यादव को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 14 के अंतर्गत जनगणना के कार्य का दायित्व दिया गया है।

एमपी बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की 'द्वितीय परीक्षा' आज से प्रारंभ

ग्वालियर 6 मई. मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और 12वीं की 'द्वितीय परीक्षा' या पूरक परीक्षा कल गुरुवार 7 मई से शुरु होने जा रही है। कक्षा 10वीं की द्वितीय बोर्ड परीक्षाएं 7 से 19 मई तक और 12वीं की परीक्षाएं 7 से 25 मई तक आयोजित की जाएंगी। मण्डल ने प्रवेश-पत्र पोर्टल पर अपलोड कर दिए हैं। सभी विषयों की परीक्षा केवल एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। छात्रों को परीक्षा केंद्र पर सुबह 8:30 बजे तक रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय के बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रदेश भर में कुल 624 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रश्नपत्रों को पुलिस थानों में सुरक्षित रखा जाएगा। केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष और कलेक्टर प्रतिनिधि की निगरानी में परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। ऑनलाइन एप के माध्यम से परीक्षा की निगरानी की जाएगी।

उपेक्षा का शिकार ऐतिहासिक सागर ताल

सौंदर्य के नाम पर लाखों फूंके, धरातल पर पसरी गंदगी और बदहाली

संजीव कुमार शर्मा

ग्वालियर 6 मई. शहर की ऐतिहासिक धरोहर और कभी पर्यटकों की पहली पसंद रहा 'सागर ताल' आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। सिंधिया काल में निर्मित इस भव्य तालाब को लाखों रुपए खर्च कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया था, लेकिन प्रशासनिक अनदेखी और रख-रखाव के अभाव में यह स्थान अब कूड़े के ढेर और काई की चादर में तब्दील हो चुका है।

सागर ताल की वर्तमान स्थिति प्रशासन की 'बनाओ और भूल जाओ' वाली नीति का जीता-जागता उदाहरण है। यदि समय रहते इसकी सफाई और सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया गया, तो लाखों रुपए का निवेश और यह ऐतिहासिक विरासत, दोनों ही इतिहास के पन्नों में दफन हो जाएंगे।

कुछ समय पूर्व प्रशासन ने भारी भरकम बजट के साथ सागर ताल का सौंदर्यीकरण कराया था। तालाब के चारों ओर कीमती पत्थर लगाए गए थे और बैठने के लिए बेंचों की व्यवस्था की गई थी। लेकिन आज स्थिति इसके उलट है। टूटी संरचनाएं: तालाब के चारों ओर लगे बेशकीमती पत्थर उखड़ चुके हैं और बैठने के लिए लगाई गई बेंच क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। गंदगी का अंबार: पूरे तालाब के पानी पर हरी काई की मोटी परत जमी है। जगह-जगह कूड़ा-करकट और गंदगी के ढेर लगे हुए हैं।

विसर्जन की समस्या खत्म फिर भी पसरी गंदगी

सालों से यहाँ हिंदू की मूर्तियां और मुस्लिम धर्म के ताजिया के विसर्जन की परंपरा रही है। सौंदर्यीकरण के बाद विसर्जन के लिए बगल में गड्ढा तो बना दिया गया और वहां मूर्तियों और ताजिया का विसर्जन भी प्रशासन के द्वारा कराए जाने लगा लेकिन मुख्य तालाब की सफाई को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। इतना ही नहीं यहां पर देख रेखा के लिए भी उचित व्यवस्था नहीं की गई जिसका परिणाम यह निकला कि आज यह ऐतिहासिक धरोहर गंदगी की चादर में लिपटी हुई है। और लोग यहां आने से अब कतराने लगे हैं।

क्या कहते हैं शहर के लोग

इस दुर्दशा पर शहर के अलग-अलग वर्गों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें प्रशासन के बचाव से लेकर तीखी नाराजगी तक शामिल है

सरकार और प्रशासन ने लाखों रुपए खर्च कर सागरताल का सौंदर्यीकरण किया गया है, लेकिन केवल प्रशासन के भरोसे सब कुछ नहीं छोड़ा जा सकता। आम जनता का भी यह नैतिक फर्ज है कि वे यहाँ गंदगी न फैलाएं। जहाँ तक पानी में काई जमने का सवाल है, तो सागर ताल का पानी स्थिर है, इसलिए काई जमना स्वाभाविक है। हाँ, यदि प्रशासन नियमित देख-रेख पर थोड़ा और ध्यान दे, तो इसकी रौनक और बढ़ सकती है।

राजू यादव, भाजपा नेता, आनंद नगर

मैं मूलतः ग्वालियर का ही रहने वाला हूँ और अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग यहाँ करना चाहता था। लेकिन सागर ताल की वर्तमान दुर्दशा देखकर मैंने अपना फैसला बदल लिया। एक कलाकार होने के नाते मैं फिल्म के माध्यम से अपने शहर की इतनी गंदी तस्वीर दुनिया को नहीं दिखा सकता। यह बेहद दुखद है कि एक ऐतिहासिक धरोहर को हम सहेज नहीं पा रहे हैं।

अनुभव श्रीवास्तव, फिल्म राइटर व डायरेक्टर, मुंबई

पहले हम परिवार के साथ अक्सर शाम को सागर ताल घूमने आया करते थे, लेकिन अब यहाँ इतनी गंदगी और बदबू रहती है कि जाने का मन ही नहीं करता। यह केवल एक तालाब नहीं बल्कि हमारी धरोहर है। अगर प्रशासन इसकी उचित देखभाल करे, तो यह न केवल स्थानीय लोगों के लिए बल्कि बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए भी एक बड़ा आकर्षण का केंद्र बन सकता है।

कोमल शर्मा, स्थानीय निवासी, विनय नगर